Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 8

Total No. of Questions : 28

# पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

**विषय कोड : 1022**

## हिन्दी (ऐच्छिक)

**समय : 3 घण्टे** | **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :**

(*i*) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिये।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु **1** अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्र. **6** से **16** तक के लिए **2-2** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **25** से **30** शब्दों में दीजिये।

(*iv*) प्रश्न क्र. **17** से **19** हेतु **3-3** अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा **50** से **70** है।

(*v*) प्रश्न क्र. **20** से **25** तक के लिए **4-4** अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा **75-120** शब्द है।

(*vi*) प्रश्न क्र. **26** एवं **27** हेतु **5-5** अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा **120** से **150** है।

(*vii*) प्रश्न क्र. **28** के लिए **(7+3)** अंक निर्धारित हैं। (अ) के लिए **7** तथा (ब) के लिए **3** अंक। (अ) के लिए शब्द-सीमा **150** से **200** शब्द है।

(*viii*) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिये : 5

(1) कृष्ण की संगति में रहकर भी उसके प्रेम से अछूते रहे :

(*i*) ब्रजवासी (*ii*) उद्धव

(*iii*) गोपियाँ (*iv*) अक्रूर

(2) प्रयोगवाद का प्रारंभ माना जाता है :

(*i*) सन् 1943 से (*ii*) सन् 1911 से

(*iii*) सन् 1963 से (*iv*) सन् 1936 से

(3) 'नेता का चश्मा' पाठ की विधा है :

(*i*) व्यंग्य (*ii*) एकांकी

(*iii*) नाटक (*iv*) कहानी

(4) भोलानाथ के ललाट पर तिलक सुशोभित होता था :

(*i*) कुमकुम का (*ii*) सिंदूर का

(*iii*) चंदन का (*iv*) भभूत का

(5) किसी कार्य को करने या होने का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं :

(*i*) विशेषण (*ii*) क्रिया

(*iii*) सर्वनाम (*iv*) संज्ञा

2. रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिये : 5

(1) जिसके कारण स्थाई भाव उत्पन्न हो वह ..................... कहलाता है।

(आलम्बन/अनुभाव)

(2) इस प्रकार समूची ट्रेजडी जैसे ........................... पर लिखी गई। (पत्थर/कागज)

(3) झरना के रचनाकार ...................... हैं। (जयशंकर प्रसाद/दुष्यन्त कुमार)

(4) विश्व के सकल जन गर्मी से .......................... हो रहे हैं। (भ्रमित/व्याकुल)

(5) अर्थ के आधार पर वाक्य के ................... भेद होते हैं। (आठ/तीन)

3. निम्नलिखित वाक्यों के लिए सत्य/असत्य लिखिये : 5

(1) 'माता का आंचल' पाठ के रचनाकार मधु कांकरिया हैं। ( )

(2) गंतोक का अर्थ पहाड़ है। ( )

(3) द्विवेदी युग का नामकरण महावीर प्रसाद द्विवेदी के नाम पर हुआ है। ( )

(4) भक्तिकाल की रचनाओं का प्रधान विषय भक्ति भावना है। ( )

(5) माता-पिता द्विगु समास का उदाहरण है। ( )

4. सही जोड़ी बनाइये : 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | आपका बंटी | — | एक आह्वान गीत |
| (2) | गद्य की प्रमुख विधा | — | मानवीकरण अलंकार |
| (3) | मानवीय करुणा का आरोप | — | वाचाल |
| (4) | उत्साह | — | मितभाषी |
| (5) | जो कम बोलता हो | — | मन्नु भंडारी |
| | | — | कहानी |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिये : 5

(1) 'संस्कृति' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(2) साहित्य लहरी के रचनाकार कौन हैं ?

(3) लेखक शिवपूजन सहाय के पिता आटे की गोलियाँ किसे खिलाते थे ?

(4) मात्रिक छंद में किसकी गणना की जाती है ?

(5) खड़ी बोली में रचित प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिये।

6. निपात शब्द किसे कहते हैं ? **दो** निपात शब्द लिखिये। 2

**अथवा**

मुहावरा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिये।

7. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिये ? 2

**अथवा**

कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया है ?

8. बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है ? 2

**अथवा**

कविता में फसल उपजाने के लिए आवश्यक तत्वों की बात कही गई है। वे आवश्यक तत्व कौन-कौनसे हैं ?

9. किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुये भी मुख्य या शीर्ष स्थान पर क्यों नहीं पहुँच पाते होंगे ? 2

**अथवा**

लक्ष्मण की किस बात पर क्रोध में आकर परशुराम ने उन्हें मारने के लिए फरसा उठा लिया ?

10. रीतिकालीन काव्य की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिये। 2

**अथवा**

प्रगतिवादी काव्य की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिये।

11. हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि से विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है ? 2

अथवा

आशय स्पष्ट कीजिये—मानव की जो योग्यता उससे आत्म-विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति ?

12. बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ? 2

अथवा

लेखिका (मन्नु भंडारी) की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखिये।

13. छंद की परिभाषा और उसके भेद लिखिये। 2

अथवा

रस की परिभाषा और उसके अंग लिखिये।

14. रामभक्ति शाखा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिये (कोई **दो**)। 2

अथवा

छायावाद में प्रमुख कवियों तथा उनकी प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिये (कोई **दो**)।

15. लेखक स्वयं क्या जानना चाहता है और क्यों ? 2

अथवा

प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है ?

16. माँ बच्चे बालकनाथ को किस प्रकार खाना खिलाती थी ? 2

अथवा

यूमथांग से वापस आते समय जितेन ने चावल की खेती के बारे में क्या बताया ?

17. निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास के नाम बताइये (कोई **तीन**) : 3

(*i*) यथासमय

(*ii*) महात्मा

(*iii*) राजकुमार

(*iv*) लाभ-हानि।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिये (कोई **तीन**): 3

(*i*) मतानुसार

(*ii*) महोत्सव

(*iii*) मनोहर

(*iv*) मात्राज्ञा।

18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिये : 3

(*i*) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना

(*ii*) अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना

(*iii*) अपना उल्लू सीधा करना।

**अथवा**

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिये :

(*i*) बच्चों को गुरुजनों का आदर करना चाहिये। (आज्ञावाचक)

(*ii*) सीमा विदुषी है। (प्रश्नवाचक)

(*iii*) वह परीक्षा में अनुत्तीर्ण होगा। (निषेधवाचक)

19. कहानी और उपन्यास में कोई **तीन** अंतर लिखिये। 3

**अथवा**

नाटक और एकांकी में कोई **तीन** अंतर लिखिये।

20. तुलसीदास **अथवा** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिये : 4

(*i*) दो रचनाएँ

(*ii*) भावपक्ष

(*iii*) कलापक्ष

(*iv*) साहित्य में स्थान।

21. रामवृक्ष बेनीपुरी **अथवा** मन्नु भंडारी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिये : 4

(*i*) रचनाएँ

(*ii*) भाषा-शैली

(*iii*) साहित्य में स्थान।

22. महाकाव्य और खण्डकाव्य में अंतर लिखिये (कोई **चार**)। 4

**अथवा**

शब्द-शक्ति किसे कहते हैं ? प्रकार सहित लिखिये।

23. राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर लिखिये (कोई **चार**)। 4

**अथवा**

अन्योक्ति अलंकार की सोदाहरण परिभाषा दीजिये।

24. पढ़ाई छोड़कर घर बैठे भाई को समझाने के लिए 50 शब्दों में एक संदेश लिखिये। 4

**अथवा**

विज्ञापन किसे कहते हैं ? विज्ञापन तैयार करते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिये ?

25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 4

पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है वही उच्च संस्कृति की उपजाऊ भूमि है। मनुष्यों के चरित्र मनुष्यों के कारण स्वयं मनुष्यों द्वारा ही निश्चित किये जाते हैं। हमें दुराग्रहों से मुक्त होकर ही प्रत्येक वस्तु को कसौटी पर कसकर देखना होगा। कर्म से भयभीत व्यक्ति केवल विचारों की उलझन में फँस जाता है। तब वह जीवन की किसी नई पद्धति या संस्कृति को जन्म नहीं दे पाता। इसलिए पूर्वकालीन संस्कृति के जो निर्माणकारी तत्व हैं, उन्हें लेकर हम कर्म में लगें और नई वस्तु का निर्माण करें।

**प्रश्न :**

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिये।

(2) उच्च संस्कृति की उपजाऊ भूमि कौनसी है ?

(3) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिये।

26. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिये : 5

पत्तों से लदी डाल

कहीं हरी, कहीं लाल,

कहीं पड़ी है, उर में

मंद-गंध-पुष्प-माल,

पाट-पाट शोभा श्री

पट नहीं रही है।

**अथवा**

भाव स्पष्ट कीजिये :

(क) छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात।

(ख) छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल बाँस था कि बबूल।

27. अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करने के लिए नगरपालिका अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिये। 5

**अथवा**

प्रातःकालीन सैर के लाभ बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिये।

28. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध/अनुच्छेद लिखिये : 7

(अ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)

(1) मीडिया का वर्चस्व

(2) सिनेमा का समाज पर प्रभाव

(3) धरती कहे पुकार के

(4) कमरतोड़ महँगाई।

(ब) रूपरेखा लिखिये (किसी **एक** विषय पर) : 3

(1) पर्यावरण प्रदूषण

(2) धूमपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है

(3) स्वच्छता अभियान।